सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 4 | अजमेर, शनिवार 10 अगस्त 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## निरंकुशता के कारण हसीना का निष्कासन

बांग्लादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसूना करने से पनपे विद्रोह आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लम्बे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसूना करने के कारण ही हसीना आनन.फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफहो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बांग्लादेश बेहाल हो गया हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफविद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली.जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया एक विस्कोटक स्थिति बनी क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धान्त है कि आदर्श ऊपर से आते हैंए क्रांति नीचे से होती है। बांग्लादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड़ हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये सरकारी सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दियाए जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया।

## मनीष सिसोदिया को मिली जमानत आप ने सत्य की जीत बताया



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें साज़िशन 17 महीने जेल में रखा गया। आप ने एक्स पर लिखा कि आज सत्य की जीत हुई है। इस मामले में कोई सच्चाई नहीं थी। हमारे नेताओं को ज़बरदस्ती जेल में रखा गया था। मनीष सिसोदिया को साज़िशन 17 महीने जेल में रखा गया। क्या भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मनीष सिसोदिया के इन 17 महीनों का हिसाब देंगे। आप ने कहा कि मनीष सिसोदिया यह 17 महीने दिल्ली के स्कूलों को बनाने में लगाते लेकिन भाजपा ने इन्हें बर्बाद कर दिया। मैं माननीय उच्चतम न्यायालय को नमन करूंगा। न्यायालय के इस फ़ैसले से दिल्ली का एक-एक नागरिक खुश है। इसके साथ ही मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सत्येंद्र जैन को भी जल्द न्याय मिलेगा और वह भी बाहर आएंगे।आप नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली शिक्षा क्रांति के नायक मनीष सिसोदिया को ज़मानत मिलने से पूरे देश में आज खुशी है। मैं उच्चतम न्यायलय का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त करता हूं।उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया को 530 दिन तक जेल की सलाखों के पीछे रखा गया। उनका जुर्म इतना था कि उन्होंने गरीबों के बच्चों को एक बेहतर भविष्य दिया। प्यारे बच्चों आपके मनीष अंकल वापस आ रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सत्य की जीत है मनीष सिसोदिया की ज़मानत।उल्लेखनीय है कि शीर्ष न्यायालय ने कथित शराब घोटाले में सिसोदिया की जमानत मंजूर कर ली है। वह 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद थे।

# राज्यसभा में जया बच्चन की टिप्पणी पर हंगामा, सभापति नाराज



नई दिल्ली। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनकड़ की टोन बोलने के तरीके पर शुक्रवार को सवाल उठाए जिससे सभापति नाराज हो गए और मर्यादित आचरण की नसीहत दी जबकि इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने दादागीरी नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए बर्हिगमन किया जिसके बाद सदन में विपक्ष के आचरण को अमर्यादित बताते हुए निंदा प्रस्ताव पेश किया गया।

इसके बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दी गई। भोजनावकाश के बाद भी पहले ढाई बजे तकए फिर अपराह्न तीन बजे तक और फिर उसके बाद अपराह्न साढे तीन बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।सदन में प्रश्नकाल शुरू होने पर कांग्रेस के जयराम रमेश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य घनश्याम तिवाड़ी द्वारा बजट पर चर्चा के दौरान की गयी टिप्पणी पर की गयी कार्रवाई के बारे में सभापति से जानना चाहा। रमेश ने कहा कि कुछ आपत्तिजनक बातें कही गई थीं। इस पर आपने कहा था कि व्यवस्था देंगे। उन्होंने सवाल किया कि वह व्यवस्था क्या है। इसके जवाब में सभापति ने कहा कि खड़गे और तिवाड़ी दोनों ही मेरे कक्ष में आए थे। एक-एक चीज पर नजर डाली गई। उन्होंने कहा कि तिवाड़ी ने कहा था कि अगर कुछ भी आपत्तिजनक हो तो मैं सदन में माफी मांगने के लिए तैयार हूं।

खड़गे जी भी इस पर सहमत थे कि कुछ भी आपत्तिजनक नहीं हैए उस समय समझ नहीं आया। उन्होंने कहा कि खड़गे की प्रशंसा में तिवाड़ी ने श्रेष्ठतम बातें कही थीं। कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। इस पर खड़गे ने कहा कि यह बातें सदन भी जानना चाहिए।

सभापति ने कहा कि तिवाड़ी ने संसदीय भाषा में अपनी बातें कहीं। इस पर रमेश ने माफी मांगने की मांग की। इस पर सभापति ने कहा कि प्रशंसा के लिए कोई माफी नहीं मांगता है। वे माफी नहीं मांगेंगे।इस पर कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो शब्द कहे थे वह दोहराना नहीं चाहता। जो टोन थी वह विपक्ष के नेता के लिए ठीक नहीं थी। रमेश ने कहा कि परिवारवाद का आरोप था परिवारवाद की बात थी। सभापति ने कहा कि कोई मुद्दा है तो आप लिखित में दीजिए।

सभापति ने रमेश को नाम इंगित लेने की भी चेतावनी दी। इस पर कांग्रेस के अजय माकन ने कहा कि क्यों नाम इंगित कर देंगे। एक बात जो विपक्ष के नेता के साथ हुआ वह बताने के लिए नाम इंगित कर देंगे। आप कहते हैं. हंस क्यों रहे हैंए मुस्करा क्यों रहे हैं बैठे क्यों हैं।इसके बाद सभापति ने पहले द्रमुक के तिरुची शिवा को बोलने की इजाजत दी। शिवा ने अनुरोध किया कि विपक्ष के नेता जब भी अपनी बात रखनी चाहें उन्हें इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। इसके बाद सभापति ने जया अमिताभ बच्चन को अपनी बात रखने के लिए कहा। जया बच्चन ने कहा कि मैं एक कलाकार हूं और बॉडी लैंग्वेज एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफकरिएगा सर आपकी जो टोन ह ठीक नहीं है। हम लोग सहयोगी हैं आप आसन पर बैठे हैं। आपकी टोन अस्वीकार्य है।

इस पर सभापति खिन्न हो गए और सख्त लहजे में कहा कि बहुत हो गया आपको सदन की मर्यादा बनाए रखनी होगी आपने सम्मान अर्जित किया है लेकिन आपको पता होना चाहिए की एक एक्टर डायरेक्टर के अधीन काम करता हैए आप वह नहीं देखते जो आसन देखता है। सभी का सम्मान होना चाहिए। सदन में आसन सर्वोपरि है।इसी दौरान विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बर्हिगमन किया। इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में यह आचरण बहुत ही निंदनीय है। इस आचरण के लिए माफी मांगी जानी चाहिए। इसकी जितनी निंदा की जाये कम है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान जनता दल सेक्युलर के सदस्य एवं पूर्व प्रधानंत्री एच डी देवेगौड़ा जनता दल यूनाइटेड के रामनाथ ठाकुर राष्ट्रीय लोकदल के नेता एवं कौशल विकास तथा उद्यमशिलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी जनता दल यू के सदस्य संजय कुमार झा, तमिल मनिला कांग्रेस ;एम के जीके वासन भारत राष्ट्र समिति के आर सुरेश रेड्डी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफ्फुल पटेल और केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने भी इस घटनाक्रम को निंदनीय बताया।

इसके बाद जेपी नड्डा ने विपक्ष के आचरण को लेकर निंदा प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दी।

## निष्पक्ष नहीं हैं राज्यसभा के सभापति - कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को निष्पक्ष होकर सदन चलाना चाहिए लेकिन उनका रवैया पक्षपातपूर्ण है और सरकार भी तानाशाही कर रही है। कांग्रेस नेता अजय माकन तथा प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को राज्यसभा में महत्व नहीं दिया जा रहा है । सदन में जो महत्व विपक्ष को मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है और उसकी आवाज को दबाया जा रहा है तो फिर लोकतंत्र कैसे जिंदा रहेगा।तिवारी ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता जब भी सदन में बात रखना चाहते हैं तो उन्हें विशेष तरजीह मिलती है लेकिन कुछ समय से महसूस हो रहा है कि ऐसा नहीं हो रहा है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता का पांच दशक का संसदीय अनुभव है और सदन में अचानक उनका माइक बंद कर दिया जाता है। वह अपनी बात भी नहीं रख पाते हैं और उन्हें बोलने से रोक दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने से रोकना देश के 140 करोड़ लोगों की आवाज दबाना है। उन्होंने सत्ता पक्ष के घनश्याम तिवाड़ी का नाम लिया और कहा कि वह जिस तरह की भाषा सदन में बोल रहे थेए वह अशोभनीय है। उनका कहना था कि सदस्य ने बाहर माफी मांगी हैए लेकिन उसी तरह का व्यवहार सदन में होना चाहिए ताकि सदन के सामने आये।

तिवारी ने कहा कि पार्टी ने सदन में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और पार्टी को उसको लेकर सरकार के फैसले का इंतजार है। विपक्ष के नेता को जो तवज्जो मिलनी चाहिएए वह नहीं मिल रही है और उन्हें इस तरह से रोका जाना अनुचित है।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन, प्रो.यूनुस ने ली मुख्य सलाहकार पद की शपथ



ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट के बाद अंतरिम सरकार का गठन हो गया है।नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार शाम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली।प्रो.यूनुस और नई अंतरिम सरकार में शामिल सदस्यों को बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने गणभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस मुख्य सलाहकारए सैयदा रिजवाना हसन बांग्लादेश पर्यावरण वकील एसोसिएशन बेला की मुख्य कार्यकारीए फरीदा अख्तर महिला अधिकार कार्यकर्ताए आदिलुर रहमान खान ओधिकार के संस्थापक एएफएम खालिद हुसैन हिफाजत.ए.इस्लाम के नायब.ए.अमीर एवं इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश के सलाहकारए नूरजहां बेगम ग्रामीण दूरसंचार ट्रस्टी, शरमीन मुर्शिद स्वतंत्रता सेनानी, सुप्रदीप चकमा सीएचटीबी के अध्यक्ष बने हैं।गौरतलब है कि डॉ यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने की मांग बांग्लादेश के छात्र संगठनों की तरफसे उठाई गई थी। उन्होंने सेना समेत सभी राजनीतिक दलों को चेतावनी दी थी कि वे किसी दूसरे को प्रमुख बनाने को स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे में विदेश में मौजूद डॉ यूनुस गुरुवार को अपराह्न में बांग्लादेश पहुंचे और ढाका हवाई अड्डे पर सशस्त्र बलों के प्रमुख नागरिक समाज के सदस्यों और छात्र नेताओं से मिले।

# वक्फ विधेयक को समीक्षा के लिए भेजा गया जेपीसी के पास

## लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 का भारी विरोध

नई दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार को वक्फ ;संशोधन विधेयक 2024 विपक्ष के भारी विरोध के बाद इसे विस्तृत समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी के पास भेज दिया गया।अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पेश करने की अनुमति का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने इस विधेयक को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के विरुद्ध और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल देने का प्रयास मानते हुए इसका पुरजोर विरोध किया।विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला से नियम 72 के तहत विधेयक को पेश करने से पहले बहस कराने की मांग की जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया। पक्ष और विपक्ष के तमाम सदस्यों की राय सुनने के बाद रिजिजू ने कहा कि इसको लेकर विपक्ष के सदस्य जो विरोध कर रहे हैं वह राजनीतिक दबाव में हो रहा है लेकिन सच यह है कि यह विधेयक सबके हित में है और इससे वक्फ संपत्ति में गरीब मुसलमानों का हित साधा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 90 हजार से ज्यादा मामले वक्फ बोर्ड में लम्बित हैं और इन सब विषमताओं को देखते हुए और लोगों को न्याय देने के लिए यह विधेयक लाया गया है। नए विधेयक में छह माह में मामले के निस्तारण का समय तय किया गया है।

# पहलवान अंतिम पंघाल और उनकी टीम को पेरिस छोड़ने का आदेश



पेरिस। भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और उनके सहयोगी स्टाफ को अनुशासनात्मक उल्लंघन के लिए पेरिस छोड़ने का आदेश दिया गया हैं।अंतिम पर अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को देने का आरोप हैए जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने खेल गांव से बाहर निकलते हुए पकड़ा था। जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने कार्रवाई करते हुए उनकी पेरिस ओलंपिक गांव की मान्यता को रद्द कर दिया गया है। इसके बाद अंतिम की बहन को बयान दर्ज कराने के लिए स्थानीय पुलिस थाने ले जाया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ;आईओए के एक बयान में कहा गया है कि फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा उनके संज्ञान में लाया गया यह अनुशासनात्मक उल्लंघन का मामला है। जिसके बाद पहलवान अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफको वापस भेजने का फैसला किया है।

# ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक

पेरिस। भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक फाइनल में 89.45 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।नीरज चोपड़ा लगातार अपना दूसरा स्वर्ण पदक नहीं जीत पाये। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 89.45 मीटर के साथ अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के बावजूद यह पाकिस्तान के अरशद नदीम को पछाड़ने में विफल रहे।स्पर्धा में पाकिस्तान के अरशद नदीम ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।




# तीर्थ नगरी पुष्कर में निकाली हर घर तिरंगा रैली मंत्री रावत ने किया वृक्षारोपण





पुष्कर। जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से पुष्कर में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।रावत ने जगत पिता ब्रहमा मंदिर से रैली को रवाना किया। इसके बाद मंत्री रावत ने पवित्र सरोवर का जायजा भी लिया।रैली में देश भक्ति से ओत प्रोत नारे लगाते हुए युवाओं का जोश देखते ही बनता था। विशाल तिरंगा रैली ब्रहमा मंदिर से ब्रहम चौक, गउ घाट, बद्री घाट, वराह घाट, नए रंगजी मंदिरए गुरूद्वाराए रामधाम होती हुई अजमेर के लिए रवाना हो गई।

तिरंगा यात्रा के बाद मंत्री रावत ने सावित्री माता की तलहटी में वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। मंत्री रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरित राजस्थान अभियान के तहत 2 करोड़ पौधे लगाकर राजस्थान ने कीर्तिमान बनाया है। वृक्षारोपण से बारिश ज्यादा होती है। भूमि का कटाव रुकता है। वृक्षारोपण करना भारत माता की वंदना के समान है।इससे वातावरण और प्रकृति का संरक्षण होता है। इसलिए सभी को कम से कम एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को देश में हरित क्रांति लाने के रूप में परिवर्तित करने में भागीदारी निभानी चाहिए। वृक्षारोपण के बाद मंत्री रावत ने सरोवर के जयपुर घाट पर आचमन कर घाटों पर पानी की आवक का जायजा लिया।इस दौरान पालिकाध्यक्ष कमल पाठक उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महषि, भाजपा महामंत्री अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत, धीरज जादम, जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, प्रधान जनप्रतिनिधि अर्जुन सिंह रावत, बूढ़ा पुष्कर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन सिंह रावत, नरेंद्र चुंडावत, मोहन सिंह रावत, हरिशंकर चौहान, अशोक पाराशर, घनश्याम भाटी, मदन गुर्जर, जसवंत सिंह रावतए कमल रावत सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# विनेश फोगाट ने कुश्ती को कहा अलविदा, हिल्डेब्रांट ने खिताब जीता



पेरिस। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मुकाबले के लिये अयोग्य ठहराये जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। वहीं अमेरीकी पहलवान सारा एन हिल्डेब्रांट ने कुश्ती का खिताब जीत लिया। हिन्डेब्रांट ने फाइनल मुकाबले में युसनेलिस गुजमान को 50 किग्रा वर्ग में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।उल्लेखनीय है कि विनेश को फाइनल मैच के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद सेमीफाइनल मैच में विनेश से हारी युसनेलिस गुजमान लोपेज को फाइनल मुकाबले में जगह दी गई थी। इससे पहले निराश विनेश ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा वह अब हमेशा के लिए कुश्ती छोड़ रही हैं।उन्होंने अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए लिखा कि मांए कुश्ती मुझसे जीत गईए मैं हार गई। आपके सपने और मेरी हिम्मत टूट गई है। मुझमें अब और आगे बढ़ने की ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं हमेशा आप सभी की णी रहूंगी। माफी। गौरतलब है कि बुधवार को 50 किग्रा कुश्ती वर्ग के फाइनल मुकाबले के लिए विनेश फोगाट को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ;यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा अयोग्य घोषित किया गया था।

विनेश पेरिस 2024 में मंगलवार को जापान की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यूई सुसाकीए यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की मौजूदा पैन अमरीकन गेम्स चैंपियन युसनेलिस गुजमान को हराकर महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचीं थीं।

हालांकिए ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के लिए तैयार विनेश का सपना टूट गया। अपने वजन को कम करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के बावजूद विनेश का वजन उनके भार वर्ग 50 किग्रा से थोड़ा अधिक पाया गया और उन्हें कुश्ती फाइनल मुकाबले के लिए अयोग्य करार कर दिया गया।

इसके बाद भोजन और तरल पदार्थों की कमी से हुए डिहाइड्रेशन की वजह से विनेश को ओलंपिक गांव के एक पॉलीक्लिनिक में ले जाना पड़ा। उन्होंने वजन कम करने के लिए खाना.पीना बंद कर दिया था।विनेश भारतीय पहलवानों के इतिहास में सबसे सफल पहलवानों में से एक हैं।

विनेश तीन बार की ओलंपियनए दो बार विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेताए तीन बार राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता रहीं।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने भारत को दिलाया चौथा कांस्य पदक




पेरिस। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है।यवेस.डु.मनोइर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहला क्वार्टर में गोल रहित रहा। हांलाकि इस दौरान भारत ने नौ बार आक्रामक तरीके से सर्कल में प्रवेश किया लेकिन स्पेनिश गोलपोस्ट में गोल करने में सफल नहीं हुए।उसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए शीर्ष.दाएं कोने से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।सके बाद दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीति ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीति ने फिर से गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसकी के साथ ही टूर्नामेंट में हरमनप्रीति के गोलों की संख्या 10 हो गई।भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिलाए लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाए लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

# कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ



जयपुर। कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन ने गुरुवार को झोटवाड़ा विधानसभा में क्षेत्र की जनता के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया।इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्यागए निष्ठा व शांति का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में न जाने कितने ही देश भक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। हर घर तिरंगा अभियान उन सभी नायकों को याद करने राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। इस अवसर पर राठौड़ ने राजस्थान व झोटवाड़ा की जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भक्ति के इस पावन अभियान से जुड़ने और अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर हमारी आन बान और शान का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की है।

# पंजाब बोर्ड की नकली अंकतालिका, प्रमाण पत्र के मामले में 22 व्यक्तियों को दो साल की सजा

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ;सीजेएम की अदालत ने करीब 25 वर्ष पुराने नकली अंकतालिकाओं और प्रमाण पत्रों की बिक्री के मामले में 22 आरोपियों को गुरुवार को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में कश्मीरसिंह, सुरेंद्रसिंह, मलकीतसिंह, गुरपालसिंह, परमजीतसिंह, खुशविंदरसिंह, चंदरसिंह, कृष्णकुमार बिश्नोई, बलदेवसिंह ;पुत्र मोहरसिंह, गुरजिंदरपाल सिंह, पंकज चोपड़ा, हरगुरनाथसिंह, मुकेशकुमार गर्ग, मंदीपसिंह, राजपालसिंह, मनजीतसिंह, गुरविंदरसिंह, हरविंदरसिंह, बलवीरसिंह, केवलसिंह, बलदेवसिंह ;पुत्र जीतश सिंह एवं जसमतसिंह को नकली अंक तालिका बिक्री का दोषी मानते हुए उन पर जुर्माना भी किया। आरोपियों ने पंजाब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से नकली अंक तालिका तथा प्रमाण पत्र बेचकर शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की। सीबीआई ने 25 आरोपियों के विरुद्ध 21 अप्रैल 1999 को आरोप पत्र दायर किया था। दो आरोपियों की मृत्यु हो जाने के कारण विचारण रोक दिया गया जबकि एक आरोपी को नाबालिग होने की वजह से अदालत ने बरी कर दिया। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो ;सीबीआई ने की थी।

# पति की हैवानियत पत्नी के प्राइवेट पार्ट में बेलन डाला मौत

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश की फिरोजाबाद पुलिस ने हैवानियत की हद पर कर चुके एक सिरफिरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मटसेना क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी सुरजीत की पत्नी रेशमा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रेशमा के भाई ने ससुराली जनों के खिलाफहत्या का आरोप लगाते हुए पुलिसमे रिपोर्ट दर्ज कराई गई।पुलिस में शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे महिला की हत्या से पहले शरीर पर मारपीट चोट के निशान के साथ ही पेट में लकडी का बेलन निकला है। रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी आरोपी पति की हैवानियत सुनकर अचंभित हो गए। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि अन्य की तलाश जारी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पति ने हैवानियत की हद पार करते हुए महिला के प्राइवेट पार्ट मे बेलन डाला है।






# आरएसएस ने की बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर रोक लगाने की मांग



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के घटनाक्रम के बीच हिंसा में हिंदू बौद्ध एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर होने वाले हमलों और अपराध की कड़ी निंदा की तथा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने बांग्लादेश की परिस्थिति पर शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी करके कहा कि विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू बौद्ध तथा वहां के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाओं पर आरएसएस गंभीर चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या लूटपाट आगज़नी महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर जैसे श्रद्धास्थानों पर हमले जैसी क्रूरता असहनीय हैए तथा संघ इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरंत सख्ती से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये और पीड़ितों के जानए माल एवं मान के रक्षा की समुचित व्यवस्था करे।


इस गंभीर समय में विश्व समुदाय तथा भारत के सभी राजनीतिक दलों से भी अनुरोध है कि बंगलादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिंदूए बौद्ध इत्यादि समुदायों के साथ एकजुट होकर खड़े हों। सरकार्यवाह ने कहा कि बांग्लादेश की परिस्थिति में एक पड़ोसी मित्र देश के नाते सुयोग्य भूमिका निभाने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार से संघ आग्रह करता है कि बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध आदि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास करे।

# सलूंबर से भाजपा विधायक अमृत लाल मीणा का निधन



उदयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ;भाजपा के विधायक अमृतलाल मीणा का बुधवार देर रात उदयपुर में आकस्मिक निधन हो गया। मीणा करीब 65 वर्ष के थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया लेकिन उनका निधन हो गया।सलंबूर जिले के लालपुरिया गांव में वर्ष 1959 में जन्मे मीणा वर्ष 2013 में पहली बार विधायक चुने गए। इसके बाद वह 2018 और 2023 में भी विधायक निर्वाचित हुए। उनके निधन पर हरिभाऊ किसनराव बागडे मुख्यमंत्री भजनलाल और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गहरा दुख जताया है। बागडे ने मीणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शर्मा ने कहा कि सलूंबर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अमृत लाल मीणा का हृदयघात से निधन के समाचार से स्तब्ध हूं यह भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

# टोंक में जिला उद्योग केन्द्र के मुख्य प्रबंधक एवं बूंदी के वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते-देते अरेस्ट



जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने टोंक में जिला उद्योग केन्द्र के मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा एवं बूंदी के जिला उद्योग केन्द्र के वरिष्ठ सहायक अजय खण्डेलवाल को संदिग्ध एक लाख रुपए की रिश्वत लेते.देते गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि आरोपी सुल्तान सिंह के टोंक स्थित निवास पर छापा मारकर एक लाख रुपए की संदिग्ध रिश्वत लेते.देते दोनों को गिरफ्तार किया। मामले में संलिप्त टोंक के निवाई में चार्टेड अकाउंटेंट जयंत जैन को भी पकड़ा गया है। डॉ मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि जिला उद्योग केन्द्र टोंक में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा द्वारा जिला उद्योग केन्द्र बूंदी के वरिष्ठ सहायक अजय खण्डेलवाल के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाने, गलत लोन पास करने, फर्जी बिलों के आधार पर अयोग्य व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की एवज में रिश्वत का लेन देन कर रहे हैं।

इस पर एसीबी मुख्यालय की टीम द्वारा तकनीकी एवं गोपनीय रुप से शिकायत का सत्यापन किया गया और इसके बाद ब्यूरो की टीम ने आरोपी मीणा एवं खण्डेलवाल को मीणा के टोंक स्थित निवास पर छापा मारकर एक लाख रुपए की रिश्वत लेते.देते गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में जैन को भी पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी खण्डेलवाल के टोंक स्थित निवास की तलाश में 15 से 20 लाख रुपए की संदिग्ध राशि बरामद की गई हैं। एसीबी जयपुर की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

# इन्फिनिक्स ने पेश किया नोट 40एक्स 5जी स्मार्टफोन



लखनऊ। देश की लोकप्रिय स्मार्टफोन प्रदाता कंपनी इन्फिनिक्स ने गुरुवार को अत्याधुनिक खूबियों से लैस 40 एक्स 5जी के दो वैरियेंट बाजार में उतारे हैं। इसका 12जीबी256जीबी वैरिएंट 14 हजार 999 रुपए और 8जीबी256जीबी वैरिएंट 13 हजार 499 रुपए में उपलब्ध है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंपनी ने दोनो वैरियेंट पर डेढ़ हजार रुपये की छूट की पेशकश की है।कंपनी के सीईओ अनीश कपूर ने यहां बताया कि एआई तकनीक से लैस फोन के कई फीचर महंगे ब्रांड के स्मार्टफ़ोन की बराबरी करते हैं। इसमें शानदार परफॉर्मेंस के लिए मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर दिया गया है जबकि क्वाड एलईडी फ्लैश के साथ 108 मेगापिक्सल का आधुनिक ट्रिपल एआई कैमरा और 15 से अधिक मोड हैं।हाई.क्वालिटी सेल्फी के लिए इसमें एलईडी फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। प्रीमियम ऑडियो अनुभव के लिए इसमें डीटीएस सराउंड साउंड के साथ ड्युअल स्पीकर हैं। उन्होंने बताया कि इसमें 18 वॉट की चार्जिंग के साथ पूरा दिन चलने वाला 5000 एमएएच की बैटरी लगी है वहीं क्लीन यूज़र अनुभव के लिए एक्सओएस 14 इंटरफेस के साथ लेटेस्ट एंड्रॉयड 14 दिया गया है। यह साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और फेस अनलॉक के साथ बेहतर सिक्योरिटी प्रदान करता है। आधुनिक कनेक्टिविटी विकल्पों के लिए मल्टी.फंक्शनल एनएफसी दी गई है।स्मार्टफोन के दोनो वैरिएंट उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में फैले आउटलेट में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इनके अलावा ग्राहक फ्लिपकार्ट के जरिये घर बैठे फोन मंगा सकते हैं।

# LazyPay Launches Gift Cards, Offering a One-Stop Solution for Gifting

LazyPay, the credit service by PayU, India's leading digital financial services provider, is thrilled to announce the launch of its latest product line – Gift Cards, a comprehensive one-stop solution for gift vouchers. LazyPay's Gift Cards offer vouchers from 150+ popular brands across multiple categories including shopping, travel, fashion, food, electronics, groceries, and more.With Gift Cards, LazyPay users can easily access vouchers for brands like Amazon, Flipkart, Myntra, Amazon Pay, Swiggy Money, MakeMyTrip (MMT), Yatra, Croma, Reliance Digital, Zomato, BigBasket, Lifestyle, Max, Pantaloons, and many more. Customers can choose the value of the gift cards based on the offerings of each brand, ranging from as low as Rs. 100 to higher values going up to Rs. 1,50,000.

LAZYPAY

# नसीराबाद में सैन्य भूमि पर संचालित एकमात्र जसवंत फिलिंग पेट्रोल पंप सीज



नसीराबाद/अजमेर। राजस्थान में अजमेर से 26 किलोमीटर दूर नसीराबाद छावनी क्षेत्र के शहरी ईलाके में संचालित 50 साल पुराने जसवंत फिलिंग पेट्रोल पंप को मंगलवार को सीज कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर रक्षा संपदा अधिकारी की ओर से सीज कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सीज कार्यवाही के दौरान नसीराबाद छावनी परिषद अधिकारी एवं सिटी थाना पुलिस मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप जिस भूमि पर संचालित है वह रेकार्ड में सैन्य भूमि है। यही कारण रहा कि जोधपुर से आए रक्षा सम्पदा अधिकारी ने सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया।नसीराबाद शहर के इस इकलौते पेट्रोल पंप को सीज करने से वहां कार्यरत 15 से ज्यादा कार्मिक बेरोजगार हो गए वहीं नसीराबाद के नागरिकों को अब पेट्रोल पंप से अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल नहीं भरने पर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा और पेट्रोल भरवाने शहर क्षेत्र से बाहर जाना पड़ेगा।

## यह था मामला

जानकारी के अनुसार सन 1965 में रक्षा संपदा भूमि पर भारत पैट्रोलियम का पंप स्थापित हुआ था जो कि लीज पर था। रक्षा मंत्रालय के आदेशों पर रक्षा संपदा अधिकारी जोधपुर ने मार्च 2022 में सिटी पेट्रोल पंप को खाली करने व बकाया लीज राशि जमा करने का नोटिस दिया था। भारत पेट्रोलियम ने 2022 से रक्षा संपदा अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा था। जिस पर सुनवाई जारी थी। भारत पेट्रोलियम के द्वारा लीज राशि भी जमा कर दी गई थी।गत 10 जुलाई 2024 को रक्षा संपदा जोधपुर ने पेट्रोल पंप को खाली कर कब्जा सौंपने का भारत पेट्रोलियम को नोटिस दिया गया था। इस नोटिस के बाद बीपीसीएल न्यायालय की शरण में पहुंची। न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर रक्षा संपदा अधिकारी जोधपुर के द्वारा 6 अगस्त को सीज की कार्रवाई के आदेश निकाल दिए गए। इससे पूर्व भारत पेट्रोलियम के द्वारा बकाया लीज की राशि भी जमा कर दी गई।मंगलवार की सुबह रक्षा संपदा जोधपुर के एचडी ओ प्रथम प्रदीप दत्त व प्रतीक जैन व छावनी परिषद अधीक्षक विश्वेंद्र सिंह, जल विद्युत फोरमैन सतीश कुमार छावनी परिषद कार्मिकों के साथ सिटी पेट्रोल पंप पहुंचे तथा भारत पैट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर संजय मीणा की मौजूदगी में सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## पेट्रोल पंप पर तैनात स्टाफके छलके आंसू

सिटी पेट्रोल पंप पर करीब 16 जनों का स्टाफतैनात है। सीज की कार्रवाई से करीब 30 साल से नौकरी कर रहे नारायण सिंह के आंखों में आंसू छलक उठे। नारायण सिंह ने बताया कि उनके पिता भी इसी पेट्रोल पंप पर सेल्समैन थे। करीब 30 साल से वह खुद भी इस पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नौकरी कर रहा है। पंप सीज की कार्रवाई से 16 स्टाफसदस्यों पर रोजी.रोटी का संकट छा गया है।

## एकमात्र पेट्रोल पंप बंद होने से लोग परेशान

कस्बे में जसवंत फीलिंग स्टेशन एकमात्र पेट्रोल पंप है जिससे लोग अपने वाहनों में पेट्रोल भरवा लेते थे। अब लोगों को करीब पांच किलोमीटर दूर पेट्रोल भरवाने जाना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि रक्षा संपदा जोधपुर ने जब पेट्रोल पंप सीज करने की कार्रवाई की उस समय पंप के टेंकों में 15000 लीटर पेट्रोल का स्टॉक था। सीज की कार्रवाई के बाद भी पेट्रोल का स्टॉक नहीं हटाया गया।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgu-runews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## अजमेर पुलिस अधीक्षक ने भंग की डीएसटी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने गुरुवार को पुलिस की जिला विशेष टीम ;डीएसटी को भंग कर दिया है। पुलिस अधीक्षक का आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विश्नोई ने अपने आदेश में डीएसटी को भंग करने का कोई कारण नहीं दियाए लेकिन बताया जा रहा है कि लम्बे समय से यहां पुलिसकर्मियों का टिका रहना बड़ा कारण है। अब नए सिरे से डीएसटी का गठन किया जाएगा।

# अजमेर ब्लैकमेल कांड के 6 आरोपियों पर फैसला 20 अगस्त को आएगा



अजमेर। राजस्थान में अजमेर के बहुचर्चित ब्लैकमेल कांड में लंबित छह आरोपियों पर अब 20 अगस्त को फैसला आएगा। इस मामले में गुरुवार को फैसला आना थाए लेकिन एक आरोपी के स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण अदालत ने फैसले की अगली तारीख 20 अगस्त को मुकर्रर की है। सहायक निदेशक अभियोजन वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 1992 में अजमेर में घटित अश्लील छायाचित्र ब्लैकमेल कांड पर छह आरोपियों के खिलाफ अदालत सुनवाई पूरी हो चुकी है और गुरुवार को फैसला आना था। निर्धारित तारीख पर आरोपी अदालत भी आ गएए लेकिन एक आरोपी मोहम्मद इकबाल की अस्वस्थता तथा उसकी अनुपस्थिति के चलते न्यायालय ने फैसला टालते हुए प्रकरण पर फैसला देने की तिथि 20 अगस्त निर्धारित की है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 104 गवाह और 245 दस्तावेज पेश किए गए हैं। पूर्व में इस मामले में 9 आरोपियों को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुना चुकी है जबकि एक आरोपी आत्महत्या कर चुका है। एक आरोपी अलमास महाराज फरार है। उसके खिलाफरेड कॉर्नर नोटिस जारी है। उल्लेखनीय है कि 32 साल पुराने इस जघन्य कांड की पूरे देश में गूंज सुनी गई थी। तब राजस्थान के मुख्यमंत्री भैंरोसिंह शेखावत की सरकार थी।अजमेर ब्लैकमेल कांड के 6 आरोपियों पर फैसला 20 अगस्त को आएगा



मानसूनी बारिश से लबालब तीर्थराज पुष्कर सरोवर।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)